भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

11 अशोक रोड़, नई दिल्ली- 110001

दिन्नांक 24.11.2014

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के झारखंड के सरायकेला और बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्रों में जन सभाओं में</u> <u>दिए गए भाषणों</u> **<u>के मुख्य बिन्दु</u>**

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने सोमवार को झारखंड में सरायकेला और बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्रों में विशाल चुनावी जन सभाओं को संबोधित किया।
- बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्र में एक विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने सबसे पहले लोक सभा चुनाव-2014 में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के लिए झारखंड की जनता का हृदय से धन्यवाद किया। श्री शाह ने कहा कि आम चुनाव के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता झारखंड की जनता के पास आशीर्वाद मांगने आए थे। झारखंड की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद दिया और लोक सभा की 14 सीटों में से 12 सीटें जिताईं। श्री शाह ने कहा कि उसी वक्त पता चल गया था कि आने वाले चुनाव में क्या होना वाला है। लोक सभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन शानदार रहा है, इससे पता चलता है कि इस बार विधान सभा चुनाव में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने झारखंड की जनता से भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ दो तिहाई सीटों पर जीत दिलाने की अपील भी की।
- श्री शाह ने कहा कि झारखंड में अब तक सभी गठबंधन सरकारों को गिराने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक निर्दलीय को मुख्यमंत्री बनाया था। उस सरकार ने क्या किया ? उस सरकार ने चार हजार करोड़ रुपये के घोटाले कर यह धनराशि विदेशी बैंकों में डाल दी। वह मुख्यमंत्री तो जेल गए। उन्हें जाना भी

चाहिए लेकिन क्या उनका समर्थन करने वाला एक भी कांग्रेसी नेता अब तक जेल गया है? कांग्रेस ऐसा घिनौना खेल खेलती है।

- श्री शाह ने कहा कि झारखंड में कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और अन्य बेशकीमती प्राकृतिक संसाधन हैं। यह सबसे समृद्ध प्रदेश है लेकिन इसके नागरिक गरीब हैं। इसी भेदभाव को मिटाने के लिए तत्कालीन एनडीए सरकार ने झारखंड को बिहार से अलग किया था। झारखंड के साथ ही छत्तीसगढ़ भी बना। आज छत्तीसगढ़ कहां से कहां निकल गया लेकिन झारखंड कहां पिछड़ गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत की सरकार है।
- भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के लोग जगह-जगह रोजगार के लिए जाते हैं। यहां के निवासी दूसरे राज्यों को समृद्ध बनाते हैं। तो फिर झारखंड का विकास क्यों नहीं हो सकता? देश के कई राज्यों में जहां भाजपा की सरकारें हैं वहां आज चौबीस घंटे बिजली पहुंचती है। मैं पूछता हूं कि क्या झारखंड के गांवों में में चौबीस घंटे बिजली आती है ? क्या आपके गांव को सड़क से जोड़ा गया है। जब कोई बीमार पड़ता है तो एंबुलेंस आती है क्या ? युवाओं को रोजगार मिला है क्या ? महिलाएं सुरक्षित हैं क्या ? जिले में विज्ञान, इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेज हैं क्या ? अगर यह सब सुनिश्चित करना है तो गठबंधन सरकार का दौर खत्म कीजिए। श्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकारें जहां हैं वहां ये सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, महाराष्ट्र और गोवा में ये सब सुविधाएं हैं। इसलिए झारखंड का विकास करना है तो भाजपा को भारी बहुमत से जिताइये और पूर्ण बहुमत की स्थिर सरकार बनाइये।
- कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को आढ़े हाथों लेते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद, जदयू आज अलग लड़ते दिखते हैं। लेकिन ये सभी दल ऐसे ही हैं जैसे किसी नाटक के कलाकार होते हैं। जैसे मंच पर कलाकार का अलग नाम होता है, नाटक समाप्त होते ही कलाकार अपने मूल नाम पर चला जाता है। वैसे ही चुनाव का नाटक खत्म होते ही ये स्भी पार्टियां भी इकट्ठे होकर झारखंड को लूटने के काम पर लग जाएंगी।
- श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राज्य में बिजली पहुंचाना चाहते हैं, पानी पहुंचाना चाहते हैं। अगर इन दलों की सरकार बनी तो ये नहीं पहुंचने देंगे। लेकिन भाजपा की सरकार बनी तो मोदीजी के नेतृत्व में ये सभी काम पूरे होंगे।

- कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी के झूठे दावों की पोल खोलते हुए श्री शाह ने कहा कि दो दिन पहले यहां 'राहुल बाबा' आए । 'राहुल बाबा' आजकल बड़े गुस्से में हैं क्योंकि जनता ने उनकी पार्टी को संसद में विपक्ष का दल भी नहीं बनाया है। देश की जनता ने उनकी पार्टी को मात्र 44 सीटें दीं हैं। राहुल बाबा पूछते हैं कि पांच महीने में हमने क्या किया। लेकिन मैं उनसे पूछना चाहूता हूं कि हमने तो पांच महीने पहले सत्ता संभाली है। आपके परिवार ने 60 साल शासन किया उस दौरान आपने क्या किया, इसका हिसाब जनता को दीजिए।
- श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास आज कहने को कुछ भी नहीं है। सोनिया-मनमोहन के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में टूजी घोटाला, हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला, आदर्श घोटाला और कोयला ब्लॉक आवंटन जैसे कई बड़े घोटाले हुए। जब कोयला खदानें आवंटित करने का मौका आया तो कांग्रेसियों ने अपने भाई भतीजों को खदानें आवंटित कर दीं। याद है न सुबोधकांत सहाय ने अपने भतीजे के लिए चिट्ठी लिखी थी। ये सभी आवंटन देश की सर्वोच्च अदालत ने रद्द कर दिए ये सभी खदानें अब भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार आवंटित करेगी। लेकिन हम किसी भाई भतीजे को खदानें नहीं देंगे। हम इन खदानों की नीलामी करेंगे जो सबसे ज्यादा पैसा सरकारी खजाने में जमा करेगा उसको खदानें मिलेंगी। जो पैसा कोयला खदानों की नीलामी से आएगा उससे झारखंड का विकास होगा। इस नीलामी से झारखंड को लगभग ढाई लाख करोड़ करोड़ रुपया मिलने की उम्मीद है। इससे झारखंड का 10 साल का बजट चल सकता है। इस तरह नरेन्द्र मोदी सरकार ने दस साल के लिए झारखंड के बजट का इंतजाम कर दिया है।

  श्री शाह ने कहा कि झारखंड के चहुंमुखी विकास की जिम्मेदारी मोदी सरकार की है। इसलिए वह झारखंड की जनता से अपील करने आए हैं कि इस बार विधान सभा चुनाव में भाजपा को दो तिहाई बहुमत से जीत दिलाकर श्री मोदीजी के हाथ मजबूत करें।
- इस अवसर पर आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो और स्थानीय सांसद श्री बिद्युत बरन महतो भी मौजूद रहे।
- इससे पूर्व श्री शाह ने सरायकेला विधान सभा क्षेत्र में आदित्यपुर के फुटबॉल मैदान पर एक विशाल जन सभा को संबोधित किया। श्री शाह ने इस अवसर पर झारखंड की जनता से राज्य में स्थिर और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने और विधान सभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

- श्री शाह ने कहा कि झारखंड में राजनीतिक अस्थिरिता के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार है। इसी राजनीतिक अस्थिरिता के चलते राज्य विकास के मामले में पिछड़ गया है।
- पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों का जिक्र करते हुए श्री शाह ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर थे।
- श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद, जदयू एक ही सिक्के के अलग-अलग पहलू हैं। ये सभी दल सिर्फ दिखावे के लिए अलग चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव खत्म होने के बाद ये सभी दल एक हो जाएंगे।
- श्री शाह ने राज्य के चहुंमुखी विकास का वादा किया। उन्होंने कहा कि कोयले की नीलामी का पैसा झारखंड को मिलेगा और यह धनराशि झारखंड के विकास पर खर्च की जाएगी।